## खबर संक्षेप

### जम्मू और अमृतसर जाने वाली ट्रेनें रद

**अंबाला।** हाई अलर्ट के बीच जम्मू और अमृतसर जाने वाली ट्रेनों को अंबाला में रोका गया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले अपने ट्रेन के स्टेटस की पुष्टि जरूर करें। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रेलवे ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। अंबाला से अमृतसर, जम्मू, और श्री वैष्णो देवी कटरा की ओर जाने वाली 20 ट्रेनों के संचालन पर रोक लगा दी गई है।



### म्यूचुअल फंड अधिकारी बनकर एक लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में म्यूचुअल फंड अधिकारी बनकर कंपनी कर्मी से एक लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गूगल पर दिए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के कैमूर निवासी ब्रह्मचंद ने कहा कि वह गुडग़ांव के राजीव नगर में किराए पर रहता है। वह यहां उद्योग विहार स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हेल्पर का काम करता है। ब्रह्मचंद ने कहा कि वह म्यूचुअल फंड में इंवेस्ट करता है।

### पचास लाख की अवैध चरस सहित दो काबू

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्राइम ब्रांच ने करीब पचास लाख रुपए की अवैध चरस सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी चरस की खेप को मनाली से लेकर गुडग़ांव में सप्लाई करने के लिए आए थे। पुलिस ने आरोपियों से एक किलो 361 ग्राम अवैध चरस, सात लाख रुपए व एक कार बरामद कर उनके खिलाफ थाना मानेसर, गुरुग्राम में एनडीपीएस अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

### बिना सूचना के ठहराए विदेशी, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** सेक्टर-31 स्थित एक गेस्ट हाउस में बिना सी फार्म के करीब 50 विदेशी विदेशी नागरिकों को ठहराने का मामला सामने आया है। गेस्ट हाउस में ठहरे लगभग 50 नागरिक मॉरीशस के रहने वाले हैं और गुरुग्राम के अस्पतालों में इलाज कराने के लिए अपने परिवार वालों के साथ आए हुए हैं। पुलिस ने गेस्ट हाउस के संचालक के खिलाफ सेक्टर-40 थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### टास्क का लालच देकर ठग लिए 1.37 लाख

**खरखौदा।** सिलाना गांव निवासी अक्षय आनलाइन फाइनेंशियल फ्राड का शिकार हो गया। पीड़ित ने थाना खरखौदा को दी शिकायत देते हुए केस दर्ज करवाया है। अक्षय ने बताया कि 24 और 25 अप्रैल को एक फर्जी कंपनी इंडी क्वाइन के नाम से उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया। कंपनी ने टास्क देकर कमाई का लालच दिया और निवेश के नाम पर करीब 1.37 लाख रुपये वसूल लिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि पहले कंपनी की ओर से मुनाफा दिखाकर और पैसे जमा करने को कहा गया। जब उसने और पैसे जमा कर दिए, तो उसे ब्लाक कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि धमकी दी गई थी कि और पैसे नहीं देगा तो पहले से दी गई राशि भी शून्य हो जाएगी।

# कुंडली: फुटवियर फैक्ट्री में आग से हड़कंप साथ लगती तीन अन्य भी चपेट में आई

## रात 10 बजे लगी आग, 15 गाड़ियों ने नौ घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया

- कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओमकारा फुटवियर प्लॉट में लगी आग
- आग ने साथ दुर्गा कूलिंग फैक्टरी, मसाला व एक अन्य फैक्ट्री में पहुंचाया नुकसान
- 15 गाड़ियों ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू
- सोनीपत से 11, पानीपत से दो, रोहतक के सांपला व झज्जर के बहादुरगढ़ से एक-एक गाड़ी पहुंचीं



सोनीपत। फैक्ट्री में लगी आग की उठती लपटें। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित फुटवियर फैक्टरी में बृहस्पतिवार रात अचानक भीषण आग लग गई। आग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि साथ लगती तीन और फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब नौ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में आई फैक्ट्री में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओमकारा फुटवियर फैक्ट्री में रात करीब दस बजे अचानक आग गई। आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट बताया जा रहा है। फैक्टरी में चप्पल बनाई जाती है। आग लगते ही धुआं व आग की लपटें उठनी शुरू हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और साथ लगती अन्य तीन फैक्टरियों रॉयल पॉलीयुरेथेन, शिव चरण दास मसाले, दुर्गा कूलिंग सिस्टम को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आग की ऊंची लपटों के कारण पूरे क्षेत्र में घना धुआं फैल गया। फुटवियर कंपनी में रबड़ का सामान होने से आग तेजी से फैली। साथ लगती दुर्गा कूलिंग फैक्टरी में कुलर की घाट, शिव चरण दास में मसाले और रॉयल पॉलीयुरेथेन में कुर्सियों के हेंडल व अन्य सामान बनता है। हालांकि तीनों फैक्ट्री में आग ज्यादा नहीं बढ़ने दी गई और अग्निशमन विभाग व कर्मियों ने काबू कर लिया। हालांकि फुटवियर कंपनी पूरी तरह से जल गई और में उसमें भारी नुकसान हुआ है।

### रातभर दमकल कर्मी काबू पाने में जुटे रहे

दमकल विभाग को आग की सूचना मिलते ही सोनीपत से 11, पानीपत से दो, और रोहतक के सांपला व झज्जर के बहादुरगढ़ से एक-एक फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। रातभर दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे रहे। नौ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। अभी भी दो गाड़ी मौके पर खड़ी है। आग सुलगने पर उस पर पानी डाला जा रहा है।

### अन्य जिलों से दमकल गाड़ियां मंगवाई

फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सोनीपत से 11, पानीपत से 2, रोहतक के सांपला व झज्जर के बहादुरगढ़ से एक-एक गाड़ी पहुंची। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन आपकी चपेट में आने से फैक्ट्री जल कर खाक जरूर हो गई है। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। - **विवेक**, दमकल कर्मचारी।

### फैक्ट्री मालिक को भारी नुकसान

घटना में फुटवियर कंपनी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। लोगों को तुरंत बाहर निकाल दिया गया था। तीन अन्य फैक्टरी में भी नुकसान हुआ है। प्रशासन नुकसान के आकलन में लगा है। फायर विभाग के कर्मी ने बताया कि मालिक ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति का पता लग सकेगा।




# जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे पर टोल टैक्स शुरू

### कार समेत लाइट व्हीकल का एक साइड का 65 रुपये

- दो माह पहले ही शुरू हुआ हाईवे, दोनों तरफ के टोल टैक्स देने होंगे 100 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से सोनीपत के बीच बने ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे 352ए पर टोल टैक्स शुरू हो गया है। हरियाणा के अलावा पंजाब की तरफ से भी प्रतिदिन सैकड़ों वाहन इस हाईवे से होकर दिल्ली की तरफ आ-जा रहे हैं। ग्रीनफील्ड हाईवे पर कार, जीप समेत लाइट व्हीकल का एक तरफ का टोल 65 रुपये निर्धारित किया गया है। जबकि दोनों तरफ का टोल 100 रुपए लगेगा। ग्रीनफील्ड हाईवे शुरू होने से हरियाणा के अलावा पंजाब के वाहन चालकों को फायदा मिल रहा है। पंजाब की तरफ से एयरपोर्ट जाने वाले वाहन चालक पहले जींद, रोहतक, बहादुरगढ़ से होकर दिल्ली एयरपोर्ट जाते थे, इससे कई बार जाम में फंस जाते थे लेकिन जींद से सीधे सोनीपत होकर एयरपोर्ट जाने में कम समय लग रहा है। जींद में नए बस अड्डे के नजदीक बने जलेबी चौक के पास यह हाईवे शुरू होता है। जो सोनीपत जाकर समाप्त होता है। जींद से चलते ही करीब 10 किलोमीटर गोहाना की तरफ टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। इस पर करीब सात से आठ लेन बनी हैं।

गौरतलब है कि लगभग चार साल पहले जींद से सोनीपत के बीच ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। 80 किलोमीटर लंबे इस हाईवे निर्माण पर करीब 799 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। मार्च 2025 में जाकर हाईवे का निर्माण कार्य पूरा हो पाया। हाईवे निर्माण के बाद जींद से सोनीपत के बीच का सफर महज एक घंटे का रह गया है। पहले जींद से पुराने गोहाना रोड से होकर जाने में दो घंटे से भी ज्यादा का समय लगता था। जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के मैनेजर पंकज शर्मा ने बताया कि टोल प्लाजा पर टोल कटना शुरू हो गया है। फास्टैग की लाइन भी हैं। फिलहाल लाइट व्हीकल का एक साइड का टोल 65 रुपये निर्धारित किया गया है।

### हिसार: अवैध रूप से चल रहा सवेरा नशा मुक्ति केन्द्र सील

- एडीसी के निर्देशों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**हिसार।** जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चिकनवास गांव के पास चल रहे अवैध नशा मुक्ति केन्द्र को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त सवेरा नशा मुक्ति केन्द्र पिछले पांच वर्षों से बिना मंजूरी के चल रहा था। शिकायत मिलने के बाद एडीसी ने नशा मुक्ति केन्द्र को सील करने के आदेश दिए। बताया जा रहा है कि अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव चिकनवास के पास सवेरा नशा मुक्ति केन्द्र पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा था। किन्हीं तकनीकी खामियों व शिकायतों की वजह से उक्त नशा मुक्ति केन्द्र का लाइसेंस वर्ष 2020 से रिन्यू नहीं किया गया था। इसके बावजूद उक्त नशा मुक्ति केन्द्र नियम व कायदों को ठेंगे पर रखकर चलाया जा रहा था।

### मेडिकल में रेप की पुष्टि, कोर्ट में बयान दर्ज

# सनौली पैथोलॉजी लैब में नाबालिग लड़की से गैंगरेप

- परिजनों का कहना है कि रेप केस में समझौते के लिए डाला जा रहा है दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली

सनौली क्षेत्र में एक पैथोलॉजी लैब में चार युवकों ने एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप किया। लड़की को चार युवकों ने झांसा देकर लैब में बुलाया था। पुलिस ने लैब संचालक समेत चारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लड़की के परिजनों का कहना है कि उन पर रेप केस में समझौते के लिए दबाव डाला जा रहा है। इसके लिए पंचायत भी चल रही है। युवक लैब को ताला लगा कर फरार हैं। मिली जानकारी के अनुसार सनौली थाना क्षेत्र में एक पैथोलॉजी लैब स्थित है। चार युवकों ने क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बहाने से लैब मे बुलाया। जहां पर लड़की के साथ गैंगरेप किया गया। लड़की ने घर जाकर परिजनों को वारदात की सूचना दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने लड़की का नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया। इसमें रेप की पुष्टि होने पर कोर्ट में बयान भी दर्ज कराए हैं। आगे की जांच चल रही है। लड़की के पिता ने सनौली थाने में दी शिकायत में बताया कि पैथोलॉजी लैब के संचालक ने उसकी 16 वर्षीय बेटी को झांसा देकर लैब में बुलाया। इसके बाद उसके साथ लैब में ही चार युवकों ने गैंगरेप किया। लड़की ने गैंगरेप में शामिल दो युवकों की पहचान भी पुलिस को बताई है। पुलिस ने अनुज व समीर नाम के 2 युवकों को नामजद करते हुए चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच महिला एएसआई गीता को सौंपी गई है। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया।

### हिसार में आढ़ती से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी

- कॉल करने वाले ने खुद का नाम लुका डोभी बताया

**हिसार।** सदर थाना क्षेत्र के गांव डोभी निवासी एक आढ़ती राजेश से फोन पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की भी धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रंगदारी मांगने की आडियो भी वायरल हो रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि रंगदारी मांगने के लिए आढ़ती राजेश के पास फोन कॉल राजस्थान की भरतपुर जेल से आया था। पुलिस को दी गई शिकायत में आढ़ती राजेश ने बताया कि शुक्रवार को उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का नाम लुका डोभी बताया और कहा कि तेरे से 50 लाख रुपये चाहिए। रुपये नहीं दिए तो अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### विशेषज्ञों ने पाया रिसाव पर काबू, रात को काफी देर बाधित रहा जींद-सफीदों मार्ग

# जींद में सीएनजी गैस सिलेंडर भरा कैंटर पलटा, गैस रिसाव से मचा हड़कंप

- मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों का लग गया लंबा जाम



जींद। सफीदों मार्ग पर पलटा हुआ कैंटर एवं हाइड्रा से खड़ा किया गया कैंटर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव तलौड़ा के निकट जींद-सफीदों मार्ग पर बीती मध्यरात्री के बाद सीएनजी गैस सिलेंडर से भरा कैंटर सड़क पर पलट गया। गैस रिसाव होने से हड़कंप मच गया। मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों का जाम लग गया। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड के साथ अमला भी मौके पर पहुंचा गया। बाद में विशेषज्ञों की टीम ने रिसाव पर काबू पाया। जिसके बाद ही यातायात व्यवस्था बहाल हो पाई। पलटे कैंटर में शनिवार को हाइड्रा से उठाया जा सका। कैंटर में लगभग 50 सीएनजी गैस सिलेंडर फिट थे। पानीपत से यूपी नंबर का कैंटर बीती देर रात सीएनजी गैस लेकर जींद के रोहतक रोड के फिलिंग स्टेशन पर आ रहा था। गांव तलौडा के निकट कैंटर अनियंत्रित हो कर जींद-सफीदों मार्ग पर पलट गया। जिसमें से गैस का रिसाव भी शुरू हो गया। जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से यातायात को रोक दिया गया। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड तथा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालातों को देखते हुए विशेषज्ञों का वहां पर बुलाया गया और रिसाव को बंद किया गया। जिसके बाद ही यातायात को बहाल किया जा सका। बताया जाता कि सड़क में गड्ढे होने के कारण गैस का कैंटर अनियंत्रित हो कर पलटा है। हालांकि घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई। शनिवार को हाइड्रा की सहायता से पलटे कैंटर का उठा कर सीधा किया ।

# ढाबे की सौदेबाजी कर सवा दो करोड़ हड़पे, चार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

- ढाबे के किरायेदार ने मालिक बनकर ढाबे की सौदेबाजी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ढाबा किरायेदार ने अपने साथियों के साथ मिल ढाबे की सौदेबाजी कर लगभग सवा दो करोड़ हड़पने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव हथवाला हाल आबाद डीसी कालोनी निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुखबीर की उसके देवर के साथ अच्छी दोस्ती थी। घर आना जाना था। सुखबीर ने अपना ढाबा बेचने के बारे में कहा। हकीकत में सुखबीर उसका मालिक नहीं था बल्कि उसने किराये पर लिया हुआ था। इस बात को सुखबीर ने छुपा कर रखा। सात फरवरी 2023 को बीस प्रतिशत टोकन मनी लेकर कोर्ट में दी। सुखबीर तथा उसके दोस्तों ने विश्वास दिलाने के लिए उसके नाम से डीड करवा दी। जो पूर्णतयः गलत थी। सुखबीर खुद किरायेदार होने के कारण उसे सौदेबाजी अधिकार नही था। आरोपितों ने बयाना लेने के साथ फुल पेमेंट एग्रीमेंट कर लिया। जबकि उसने ढाबे की कोई हिस्सा पहले नही खरीदा था। जबकि ढाबे की कोई फर्म नही है। कहीं सरकारी साइट पर दर्ज नहीं है। सुखबीर ने 2023 में अपने दोस्तों के साथ मिल कर नई पार्टनरशीप तैयार कर ली। जिसके चलते उसकी वाली डीड रद हो गई। सुखबीर तथा उसके दोस्तों ने उसके दो करोड़ 20 लाख रुपये हड़प लिए।

### तेज रफ्तार गाड़ी ने किसान को रौंदा

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया के ताजनगर में तेज रफ्तार वाहन ने खेत से घर की ओर आ रहे एक किसान को कुचल दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। गांव ताजनगर के करण ने कहा कि उनके पिता समय सिंह खेती करते हैं। बीती एक मई को वे ताजनगर स्थित खेतों से पैदल घर की ओर आ रहे थे। ताजनगर मंदिर के निकट पीछे आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। उपचार के दौरान 9 मई को उन्होंने दम तोड़ दिया।

# भट्ठे पर ट्रैक्टर ने ढाई वर्षीय मासूम को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव डाबोदा स्थित एक ईंट भट्ठे पर शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक ट्रैक्टर ने ढाई वर्षीय मासूम बच्चे को कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब ढाई वर्षीय रितिक के रूप में हुई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश के बदायूं मूल का वेद प्रकाश यहां डाबोदा स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। परिवार सहित यहीं पर काम करता है। शनिवार की सुबह वह ईंट पत्थाई कर रहा था। उसकी पत्नी झुग्गी में खाना पका रही थी। उसका सबसे छोटा लड़का रितिक भी वहीं पर खेल रहा था। इसी दौरान वहां एक गारा मशीन से जुड़ा ट्रैक्टर भी था। रितिक उसकी चपेट में आ गया। जब तक किसी की नजर पड़ती देर हो चुकी थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। रितिक के पिता वेदप्रकाश का आरोप है कि हमने कई बार ट्रैक्टर चालक मनु को आवाज लगाई थी। लेकिन वह लापरवाही से बैक करता चला गया और बेटे को कुचल दिया। उसकी लापरवाही के कारण बेटे की जान गई । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।



बहादुरगढ़। अस्पताल में मौजूद मृतक रितिक के परिजन व परिचित।

# स्वास्थ्य विभाग टीम ने कैथल के ऋषि नगर स्थित ओम अस्पताल में दी दबिश, एमपीटी किट बरामद

- पकड़ी गई दवाइयां को सील करके आगामी करवाई के लिए भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अस्पताल से बरामद की गई एमटीपी किट। फोटो : हरिभूमि

एंटी नारकोटिक सेल करनाल की टीम की ओर से शुक्रवार रात के समय ऋषि नगर के ओम अस्पताल में दबिश देकर एमटीपी किट बरामद करने मामले में सिविल लाइन थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में टीम ने गुप्त सूचना मिलने के बाद एक निजी अस्पताल में जांच के बाद एमटीपी किट बरामद की थी। यही नहीं, इस अस्पताल में दबिश वाले दिन एक महिला के गर्भपात करने की भी टीम को जानकारी मिली है।

हालांकि अभी इस मामले में पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। इस दौरान पकड़ी गई दवाइयां को सील करके आगामी करवाई के लिए भेज दिया गया। इस मामले में सिविल लाइन थाना में दी गई शिकायत में डॉ. गौरव पुनिया, ड्रग विभाग के जिला अधिकारी डॉ. चेतन वर्मा ने बताया कि उन्हें करनाल की टीम से सूचना मिली थी कि ऋषि नगर स्थित ओम अस्पताल में अवैध तरीके से गर्भपात करवाया जाता है।

सूचना पाकर ड्रग कंट्रोल, स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। जांच की तो पाया गया कि वहां पर नौ एमटीपी किट प्रयोग की जा चुकी थी, जबकि चार बिना उपयोग की हुई किट बरामद की गई। अस्पताल संचालक ऋचा शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हांसी में एमपीटी किट सहित पिता-पुत्र धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी पुलिस ने एमपीटी किट व नशीली गोलियों सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनसे चार एमपीटी किट व 140 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई है। हांसी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसएमओ, ड्रग इंस्पेक्टर, हांसी शहर पुलिस व फार्मासिस्ट पुलिस टीम ने 4 एमपीटी किट व 140 नशीली टैबलेट सहित हांसी के उत्तम नगर निवासी गौरव व उसके पिता कमल को पकड़ा है। एसएमओ डॉ. बुद्धिराजा, ड्रग इंस्पेक्टर अजय लोहाच, हांसी



पुलिस फार्मासिस्ट अमरजीत व थाना शहर हांसी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिकोना पार्क हांसी शिव मेडिकल स्टोर संचालक नशीली दवाई बेच रहे है। सूचना के बाद ड्रग टीम व पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते शिव मेडिकल की चेकिंग की तो चार एमपीटी किट व 140 नशीली टैबलेट बरामद हुई।

# महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित छोटूराम पार्क में एक महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। महिला द्वारा मानसिक परेशानी से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार रहेगा।

मृतका की पहचान करीब 30 वर्षीय सीमा के रूप में हुई है। शुक्रवार की शाम को कमरे में वह फंदे पर लटकी देखी गई। परिजनों की नजर पड़ी तो संभाली गई लेकिन उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। ससुराल तथा मायके पक्ष के लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव सौंप दिया। बताते हैं कि सीमा मानसिक रूप से परेशान थी। इसी के चलते उसने ये कदम उठाया। खैर, वजह कुछ भी हो लेकिन उसकी मौत के चलते दो मासूम बच्चियों से मां की ममता छिन गई है।

